दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंकः-267
मुरादाबाद
17 January 2025
(Friday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मोदी सरकार का कर्मचारियों को तोहफा, आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी



केंद्र सरकार के इस फैसले से करोड़ों कर्मचारियों की सैलरी में इजाफा होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन का फैसला लिया गया। इस आयोग को 2026 तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा।नए साल में केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान कर दिया। गठन के बाद आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में इजाफा होगा। लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ से अधिक होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला लिया गया। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। वैष्णव ने आगे कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को था। ये अपने मूल वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को संशोधित करने में मदद के लिए आयोग के गठन की आस लगाए थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि आयोग का गठन 2026 तक हो जाएगा। उन्होंने आगे दोहराया कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं।सरकार बाद में सदस्यों सहित आयोग के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए है। जिससे वेतन समानता सुनिश्चित हुई और सक्रिय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों दोनों को लाभ हुआ। इसके बाद अब 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन होने वाला है। आठवां वेतन आयोग कब से होगा प्रभावी? परंपरागत रूप से, केंद्रीय वेतन आयोग का गठन हर 10 साल में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमान, भत्ते और लाभों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए किया जाता है। यह आयोग महंगाई और आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखकर फैसला लेता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ओर से से गठित 28 फरवरी, 2014 को गठित 7वें वेतन आयोग ने 19 नवंबर, 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसकी सिफारिशें 1 जनवरी, 2016 से लागू की गईं। इस समयसीमा के आधार पर, 8वें वेतन आयोग के 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद की जा रही है। पिछले आयोगों की तरह, इस वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत वेतन में संशोधन होने की संभावना है। आयोग की सिफारिशों के आधार पर पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते ( डीए ) और महंगाई राहत ( डीआर ) में समायोजन किया जाएगा।

## सीएम योगी ने दी बधाई, बोले- इसरो की सफलता अंतरिक्ष की दिशा में लंबी छलांग



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसरो को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसरो स्पेस डॉकिंग हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन ( इसरो ) को स्पेस डॉकिंग हासिल करने पर बधाई दी। सीएम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह इसरो के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह देश ( भारत ) के लिए गौरव का क्षण है।यह अंतरिक्ष क्षमताओं की दिशा में लंबी छलांग - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर स्पेस डॉकिंग हासिल करने पर टीम इसरो को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि इस उपलब्धि के साथ टीम इसरो स्पेस डॉकिंग हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। यह हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं की दिशा में लंबी छलांग है। स्पेस डॉकिंग प्रक्रिया को काफी सतर्कता के साथ लॉन्च किया गया। इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समर्पण व त्याग से मिली उपलब्धि - सीएम ने लिखा कि यह उपलब्धि भारत के लिए मील का पत्थर है। यह इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समर्पण और त्याग से संभव हो पाया है। यह उनकी विशेषज्ञता को भी प्रदर्शित करता है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। जय हिंद! सीएम ने एक्स पर आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में स्पेस टेक्नोलॉजी में अद्वितीय उपलब्धियां देखी हैं। भारत ग्रहों के बीच रिसर्च से लेकर रिकार्ड तोड़ने वाले उपग्रहों को लॉन्च करने और आज की ऐतिहासिक स्पेस डॉकिंग सफलता हासिल करने के साथ स्पेस रिसर्च को आकार दे रहा है।

### संक्षिप्त समाचार

## सिंगापुर के राष्ट्रपति ने मुर्मू और PM मोदी से की मुलाकात बोले- हम कभी नहीं भूलेंगे...

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच कूटनीतिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। उनका उद्देश्य विभिन क्षेत्रों में भारत-सिंगापुर के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम अपनी पत्नी जेन युमिको इट्टोगी के साथ पांच दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, इस दौरान थर्मन का औपचारिक स्वागत किया गया। बता दें, शनमुगरत्नम का यह दौरा भारत और सिंगापुर के बीच कूटनीतिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। उनका उद्देश्य विभिन क्षेत्रों में भारत-सिंगापुर के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। इस मौके पर सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने कहा, %हम यह कभी नहीं भूलेंगे कि भारत 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले पहले कुछ देशों में से एक था। तब से हमारा रिश्ता बढ़ता चला गया है। यह एक छोटे से देश सिंगापुर और एक बहुत बड़े देश भारत के बीच एक स्वाभाविक साझेदारी है।%उन्होंने यह भी कहा, %मैं भारत के साथ अपने संबंधों को लेकर आशान्वित हूं। हम स्वाभाविक साझेदार हैं। पूर्वी राज्य भारत सरकार की प्राथमिकता हैं। पहले अपनी पिछली भारत यात्रा के दौरान, मैं प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव पर असम गया था।

## मायावती ने यूपी में पुलिस राज होने का लगाया आरोप, कहा- विरोधियों का किया जा रहा दमन




बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में पुलिस राज होने का आरोप लगाया है और कहा कि सरकार विरोधियों के प्रति दमनकारी नीति अपना रही है और सत्तापक्ष के लोगों के हर जुर्म की अनदेखी की जा रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी में पुलिस राज कायम होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के नाम पर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है। इसके तहत अधिकतर गरीबों, मजलूमों, बेसहारा और मेहनतकश लोगों को अंधाधुंध गिरफ्तार करके जेलों में कैद किया जा रहा है। जो कि चिंतनीय है। हाल ये है कि सिविल मामलों को भी क्रिमिनल केस की तरह देखा जा रहा है और विरोधियों का दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को कोर्ट की तरह गंभीर और संवेदनशील होकर संविधान धर्म की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मायावती बृहस्पतिवार को लखनऊ में बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि यूपी में सत्ताधारी लोगों के हर जुर्म की अनदेखी की जा रही है। क्या इसी से कानून व्यवस्था में सुधार होगा? जिलों में प्रशासन व पुलिस का रवैया ज्यादातर मामलों में राजनीतिक, सांप्रदायिक व जातिवादी है। इससे लोगों में धारणा बन रही है कि भाजपा की वोट बैंक की राजनीति के लिए पुलिस व प्रशासन का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने संगठन के कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से बसपा को तन, मन और धन से मजबूत करने की अपील की है। इसके पहले मायावती ने बुधवार को अपने जन्मदिन पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। जिस दिन कांग्रेस व भाजपा जैसे जातिवादी दलों के लुभावने वादों वाली राजनीति को जनता भांप जाएगी, तब बसपा फिर से वापसी करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस व भाजपा जैसे दल बसपा को खत्म करना चाहते हैं। मायावती ने कहा कि दिल्ली में खुद के दम पर चुनाव लड़ रही बसपा इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगी। बशर्ते चुनाव में धांधली नहीं हो। कांग्रेस, भाजपा व आम आदमी पार्टी के बीच लुभावने वादे व गारंटी आदि देने की होड़ मची है, जबकि सत्ता में रहकर उन्होंने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। दिल्ली में रहने वाले यूपी व बिहार के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया। इसलिए वहां लोगों को सोच-समझ कर वोट करना होगा।



## अखिलेश यादव बोले- अयोध्या में गरीबों की जमीन छीनने वालों को भगवान श्रीराम नहीं बख्शेंगे



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेंस में आए अयोध्या के किसानों ने अपनी समस्याएं लोगों के सामने रखीं और कहा कि हमारी जमीनें सस्ते दामों पर लेकर महंगी कीमत में बेची जा रही हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में गरीबों और किसानों की जमीन सस्ते दामों पर ली गईं और महंगे दामों पर बेचा गया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों और किसानों की जमीन ली उन्हें प्रभु श्रीराम नहीं बख्शेंगे जबकि होना तो ये चाहिए था कि गरीबों से जमीनों को मार्केट रेट पर लिया जाता लेकिन वहां जमीनों की बंदरबांट हुई और भ्रष्टाचार हुआ है। अखिलेश यादव सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अयोध्या से किसानों का सब कुछ छीना जा रहा है। सरकार जानबूझकर कर जमीन छीन रही है। किसान विकास के खिलाफ नहीं है क्योंकि वो भी विकास में भागीदार बनना चाहते हैं। किसानों को बाजार भाव से मुआवजा मिलना चाहिए। हम किसानों के आभारी हैं जब अधिकारी डराने में लगे हैं उस दौर में भी वो सपा के पास आए हैं। जिस तरह से सरकार काम कर रहे है भाजपा के लोग भी जानते हैं कि बीजेपी उनकी भी सगी नहीं है। अयोध्या में दुनिया भर के लोगों को आस्था है लेकिन लोगों उजाड़ा नहीं जाना चाहिए। सर्किल रेट को छह गुना बढ़ाकर किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। अगर भाजपा सरकार ने नहीं दिया तो जब भी सपा की सरकार बनी बाजार भाव से मुआवजा दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जहां आश्रम बनने चाहिए वहां होटल बन रहे हैं। वहां फाइव स्टार होटल बन रहे हैं। क्या वहां बार होंगे? अगर बार नहीं होंगे तो क्या फाइव स्टार का दर्जा मिलेगा? सपा अयोध्या को वर्ल्ड क्लास बनाएगी। लोकभवन का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम जिस ऑफिस में बैठते हैं वो भी सपा सरकार की देन है।मिल्कीपुर उपचुनाव देश का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होगा। सरकार से मांग है कि इस चुनाव में पारदर्शी कामकाज का उदाहरण पेश करे। सच्चाई ये है कि मिल्कीपुर में भी उनके पैर उखड़ते जा रहे हैं। आप ज्यादा हमारा प्रचार न करिए वरना सरकार खाकी वर्दी वालों को भी उतार देगी। हर तबका हमारे साथ है। उन्होंने कहा कि बिजली के निजीकरण का हम विरोध करते हैं। नौ करोड़ लोगों के गंगा में डुबकी लगाने को फर्जी आंकड़ा बताया- अभी तक महाकुंभ में नौ करोड़ लोगों के डुबकी लगाने के योगी सरकार के दावे को अखिलेश यादव ने फर्जी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के आंकड़े फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की तरह व्यापारी भी भाजपा के खिलाफ हैं। जीएसटी के डर से कारोबारी कानपुर लखनऊ छोड़कर जा रहे हैं। विभाग की लूट के कारण ऐसा हो रहा है। इसका गलत मैसेज इंवेस्टर समिट को जाएगा। भाजपा समर्थकों पर छापे पड़ रहे हैं। गोरखपुर में छापा पड़ा और वहां से 600 करोड़ रुपये बरामद हुए। हम कांग्रेस के विरोध में नहीं हैं- दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के समर्थन पर उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के विरोध में नहीं है। यह हमारी रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली में आप ही भाजपा को टक्कर दे रही है इसलिए हम आप का समर्थन कर रहे हैं। किसान बोले- हमसे पांच लाख में जमीन लेकर होटल को 1.81 करोड़ में बेची- इसके पहले, अयोध्या से आए किसानों ने कहा कि वहां प्राधिकरण किसानों से जमीन ले रहा है। उचित मुआवजा नहीं दे रहा है। पवन पांडे ने बताया कि किसान की जमीन को बगैर मुआवजा दिए लेने की बात कही जा रही है। किसान परेशान हैं। सरकार की जमीन लेकर पूंजीपतियों को दी जा रही है। पहले भी भूखंड लिया गया और गरीब किसानों से सस्ते में लेकर होटल के लिए महंगी कीमत पर दिया जा रहा है। किसान अयोध्या में विकास के खिलाफ नहीं है लेकिन कौड़ियों के भाव जमीन लेने के खिलाफ हैं। पहले ही हजारों बीघा ली गई जमीन खाली है। सौ फीसदी किसान लिखित में कह रहे कि हमें जमीन नहीं बेचनी जिस भाव में उद्योगपतियों को जमीन बेची जा रही है, उसी भाव में किसान से लें तो बेच देंगे। सौ से दो सौ साल से खेती कर रहे किसानों की जमीन नजूल की बताकर फ्री में ली जा रही है। उनके पास खतौनी भी है। अयोध्या के राजीव तिवारी ने बताया कि मैं राम की धरती से आया पीड़ित हूं। आवास विकास ने आवासीय काम के लिए जमीन ली और बेच दिया। हमसे पांच लाख में खरीदी और 1.81 करोड़ में बेची। हमसे जबरन भूमि लेकर हमें भूमिहीन किया जा रहा है। रामजन्भूमि ट्रस्ट ने 22 गुना सर्कल रेट से कराया। 48 लाख बिस्वा के रेट पर रजिस्ट्री कराई। पूजा वर्मा ने बताया कि अयोध्या की मूल निवासी हैं। कोरोना में पति की मौत हो गई। बीमा से मिले पैसे से जमीन खरीदी। आवास विकास बहुत कम कीमत में जमीन ले रहा है। कोई हमारी बात नहीं सुन रहा। बच्चों को कैसे पढ़ा सकूंगी। बेटी की शादी करनी है। राम यादव ने बताया कि माया जमतरा में सरकार 2000 किसानों को उजाड़ रही है। नजूल बताकर जमीन ली जा रही है जबकि बैंक लोन देते हैं। अदालत में स्वीकार्य है। टेंट सिटी के नाम पर हमे उजाड़ा जा रहा है। हम बर्बाद हो जायेंगे। अयोध्या के व्यापारी नेता रतन जायसवाल ने बताया कि मेरी जमीन भी आवास विकास जबरन ले रहा है। ये अत्याचार हो रहा है। पांच लाख बिस्सा के भाव पर लेकर करोड़ों में बेच रहा है।

संपादकीय Editorial

## Terrorist in Delhi elections

Afzal Guru was a dreaded terrorist. He was the mastermind of the terrorist attack on the Indian Parliament on December 13, 2001. After a proper hearing, the Supreme Court declared him a 'criminal' and sentenced him to death. At that time, there was a group that was in favor of forgiving Afzal Guru. Public memoranda were prepared and requests were made to the President. Finally, during the Congress-led UPA-2 government, Afzal Guru was hanged. That chapter should have ended with that, but in Kashmir, Farooq Abdullah and Mehbooba Mufti continued to consider that terrorist as 'innocent' and called the hanging a 'wrong decision'. They even advocated handing over the physical remains of Afzal Guru to his family. It is surprising and ironic that Afzal Guru has emerged as an important issue in the Delhi elections. Can a mandate be sought or given on terrorism and its support? Keep in mind that since last year, Delhi schools have been receiving such threats through emails, in which the fear of bomb blasts is spread. Such threats have been given to 400 schools in Delhi. After investigation, Delhi Police made some revelations in which Afzal's name came to the fore. The conclusion of the police investigation is that those threats were given by a minor, a 12th class student. He used such a technique which only a person with important knowledge of cyber could do. During the investigation, the police also investigated the family background of the accused minor, and the fact came to light that his father is associated with an NGO. The NGO has old and strong relations with a political party. This NGO had opposed the hanging of Afzal Guru. The parents of Delhi Chief Minister Atishi also signed a memorandum and opposed the death penalty. Atishi herself and her parents have also been associated with some NGO. Is there any 'common thread' between the NGO of the minor and the NGO of the Atishi family? The basic work of former Chief Minister Kejriwal and former Deputy Chief Minister Manish Sisodia is that of NGO. We do not know who is managing their NGO these days, but Kejriwal was awarded the 'Magsaysay Award' for the work he did through the NGO and for the Right to Information. It is considered the 'Nobel Prize of Asia'. The question is, if someone has opposed the punishment of Afzal Guru or Yakub Memon through a memorandum, can they also be termed as terrorists? Is that not their 'freedom of expression'? If there is a 'terrorist link' between the NGO and the political party, then why did the Delhi Police not expose it? Why was the name of the political party not disclosed? Now the BJP is raising questions on the terrorist sources of 'AAP'. Are the NGO of the accused student and the political party 'AAP'? This is a period of sensitivity of elections. Every single allegation can spoil the direction and condition of the election. This cannot even be considered a fair election. BJP's national spokesperson Sudhanshu Trivedi has said that the police investigation also found that the NGO has been involved in activities against national security in the past as well. The question is why did the police not take action earlier? How does Sudhanshu Trivedi know about a fact that the police has not even publicly disclosed? However, the police definitely say that the proximity of the NGO to a political party points to a big conspiracy, which may be aimed at spreading public unrest! It is surprising that the police is expressing apprehension of public unrest, but is not disclosing the name of the NGO.

# Digital census will solve many problems, it will be a big gift for the country

The opposition has been targeting the BJP by saying that it is against reservation, but the BJP and Prime Minister Modi have cleared everything about reservation from time to time, removing all the confusions spread by it. Digital census, which will create a framework for a more inclusive, accountable, equitable and safe society, will be a gift for the country and society. In such a situation, the opposition should wait for the census. In this new year, the work of digital census is expected to move forward for the first time in the country. According to the gap of ten years, the census should have been done in 2021 after 2011. This could not happen because in 2020 and 2021 the whole world was battling the Covid pandemic. India was also in its grip. In such a situation, the preparations for the census were put on hold. In 2022 also, the atmosphere regarding Covid remained, then the parliamentary elections came, in which a large number of the same government staff had to gather, which conducts the census. In 2024, when the government led by Prime Minister Modi returned to power for the third time, there was hope of a census. This time the census will be conducted with the aim of eliminating the old mistakes and following PM Modi's motto 'Sabka Saath, Sabka Vikas'. Meanwhile, Congress is trying to mislead people in the name of census. It is important to remember that Rajiv Gandhi was against policies in the interest of the backward classes. This was the reason that when the Vishwanath Pratap Singh-led government was formed at the Centre with the support of the BJP, the BJP played an important role in implementing the Mandal Commission's recommendations to protect the interests of the backward classes. Then as the leader of the opposition, Rajiv Gandhi had strongly opposed the implementation of the Mandal Commission's recommendations. The caste-based census that the Congress is talking about now to confuse people was also conducted during the Manmohan Singh government in 2011, but its data was never released. Perhaps the figures may not have been in line with the Congress' agenda. While the NDA government led by PM Modi is busy preparing for the first digital census after all kinds of research and rectifying the old mistakes, attempts have begun to take credit by spreading confusion. When the country was ruled by the British, the British government followed the principle of 'divide and rule'. Caste-based census was then conducted with the intention of social division on the basis of castes. The British government never had the intention of making policies in the interest of Indians. The goal was to rule India somehow and divide it socially. When the country became independent, the Nehru government did not make any revolutionary change in its thinking. From 2014, India started witnessing a period of big change. Under the leadership of PM Modi, the Government of India gave the green signal to Chief Minister Nitish Kumar for caste-based survey in Bihar. Nitish Kumar carried out this work. Those who took credit confused people even then. They are still doing this, but how farsighted Prime Minister Modi is, it will be seen in the new census. This is confirmed by the fact that the leader of the opposition in the Lok Sabha openly admitted that the kind of census that the Modi government is going to conduct now, the Congress had made a mistake by not collecting caste records in the census during the UPA government. The form of the census that is being envisaged will be a record. A record that will be available in digital form at all times, so that it can be used in the scheme that is being considered at any time. A digital record of the size of the group, geographical distribution, gender structure and socio-economic status, which can show the complete picture of India's social fabric. Actually, the purpose of the National Population Register i.e. NPR is to register all citizens and issue national identity cards under Section 14A of the Citizenship Act, 1955. This census will also be extremely beneficial for the One Nation-One Election, which has now been taken forward. The digital information collected in the census will form the basis for determining the boundaries of constituencies and reservation of seats for social groups and women. This is also necessary, because to encourage population control, delimitation was banned till 2000 through the 42nd Constitutional Amendment Act (1976). This ban was extended till 2026 by the 84th Amendment Act (2002). If the proposed census starts soon, its record will be released in 2026. For a long time, reservation of seats for social groups and women was dependent on old and incomplete information, which will be a more organized collection (database) after the digital census. This database will serve many purposes and will also be useful to the public. It will play an important role in determining policies from birth to education, employment and even income tax. The opposition has been targeting the BJP by saying that it is against reservation, but the BJP and Prime Minister Modi have clarified everything about reservation from time to time, clearing all the confusions spread by it. The digital census, which will outline a more inclusive, accountable, equitable and safe society, will be a gift for the country and society. In such a situation, the opposition should wait for the census.

# Tough challenge to deal with fake news, need to be alert on every front

There is no doubt that internet media platforms have played an important role in disseminating information and promoting community dialogue, but due to the flood of fake news in them, they can never replace mainstream media. Traditional media, with its rich history and commitment to journalistic ethics, acts as a shield against the tide of misinformation. Meta, the parent company of Facebook, Instagram and WhatsApp, recently announced that it is shutting down its third-party fact-checking program. Meta will also now adopt a system of 'community notes' like X (formerly Twitter). Meta's decision has sparked a debate about the ability of such a model to deal with misinformation. This question becomes more important especially in a diverse and hugely populated democracy like India. Meta's argument behind shutting down fact checking is that such efforts cannot be free from the political bias of fact-checkers. The question is whether community checking is the solution to this problem? Probably not. Verifying the truth of news requires skill, experience and training. Truth cannot be determined on the basis of a system that looks like collective opinion, because anyone can become a fact-checker here. This is where we need to focus on the role of mainstream media and its ability to separate truth from falsehood. This is particularly relevant for India, because we have an old tradition of media. It includes print, television and their online mediums. Our traditional media has emerged and developed in accordance with internal needs. It has been polished by struggles. It has been a participant in the country's freedom struggle. It has taken a bold stand against oppression from time to time. Mainstream media has long been the reliable basis for dissemination of information. The reach of traditional media, which includes newspapers published in different languages, channels and their web mediums, is unmatched. This vast network strengthens the democratic participation of the public by increasing awareness among them by delivering news and information to far-flung areas. For a healthy society and strong democracy, the role of mainstream media is such that the companies masquerading as internet media under the guise of so-called social networks can never replace it. In the context of India, the importance of mainstream media increases further. India is as diverse as the continent of Europe. While 44 countries in Europe have 24 official languages, India alone has 22 official languages. Our population is also almost double that of Europe. India's cultural and demographic diversity has an impact on its democracy. To understand the essence of this diversity, we need a strong mainstream media, which is proficient in local issues and languages. This work cannot be outsourced to the internet media platform called social media. Remember that internet media is a means of promoting rapid reactions rather than ground and factual reporting. Most of the news on it is a victim of the 'trending' subculture. The active content creators on it focus only on creating content that goes viral. They do not have the ability and skill to check how true any news is. For example, last month a post went viral which showed a mosque being set on fire in India. However, experts' investigation revealed that the video was from Indonesia and was deliberately misrepresented to increase tension. There are many such examples of spoiling the atmosphere through mischief, which we can only counter with the power of traditional journalism. The latest AI tools like voice cloning and deep fake have made internet media more unbridled. Any propaganda can be done here by manipulating the voice, picture and video of any person. There are many such sites on the internet through which even a novice can create fake content. Such content is being created very fast. After buying a blue tick on X and Instagram, any handle can be copied exactly. This has increased the possibility of confusion regarding content creation. Measures to curb this are limited and largely ineffective. Internet media is also zero in terms of accountability. While credibility is the capital of mainstream media, it does not compromise on accountability. Complaints can be made about any of its actions under the purview of the country's laws, but internet media companies are outside such legal purview, because their extensive operations are being carried out from outside the country. This issue is also related to national sovereignty. When we trust foreign-based fact-checkers or community-driven fact-checking of an internet media company, we hand over our ability to verify news to an algorithm or AI. This AI is not controlled by Indians. This AI can be manipulated due to foreign influence. Its goal can often be to destabilize, confuse and harm our national interests. This is why democracy will always need a strong, independent, indigenous and self-correcting fourth pillar. There is no doubt that internet media platforms have played an important role in disseminating information and promoting community dialogue. While digital media have played a major role in the media, they can never replace mainstream media due to the flood of fake news. Traditional media, with its rich history and commitment to journalistic ethics, acts as a bulwark against the tide of misinformation. In a vibrant and complex democracy like India, synergy between digital platforms and traditional media can pave the way for an informed and enlightened society.

# कार में प्रेमी के साथ थी पत्नी, बोनट पर लटक गया पति, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- पत्नी को प्रेमी के साथ कार में बैठा देख पति ने कार के आगे आकर कार को रुकवाने की कोशिश की तो कार चालक ने कार दौड़ा दी। युवक जान बचाने के लिए कार के बोनट पर लटक गया। कार चालक 5 किलोमीटर तक कार को दौड़ाता रहा। सड़क पर चल रहे दूसरे वाहन चालकों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। किसी तरह राहगीरों ने कार को रुकवाकर युवक को नीचे उतारा। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। पीड़ित समीर की तहरीर के आधार पर आरोपी माहिर उर्फ नजरुल हसन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।कटघर थाना क्षेत्र के गली नंबर-8 में रहने वाले समीर ने अपनी पत्नी गुलबानो को प्रेमी के साथ कार में बैठे हुए देखा तो गुस्से में उसने कार रोकने की कोशिश की। लेकिन, प्रेमी ने गाड़ी रोकने के बजाय समीर पर चढ़ा दी। समीर गाड़ी के बोनट पर गिर गया और प्रेमी ने गाड़ी को तेज गति से चलाते हुए उसे कई किलोमीटर तक बोनट पर लटकाए रखा। पत्नी मौके का फायदा उठाकर गाड़ी से भाग निकली। इस दौरान प्रेमी ने तेज कट मारकर समीर को गिराने की कोशिश भी की। जब गाड़ी ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी, तो समीर ने बोनट से कूदकर प्रेमी को पकड़ लिया। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक समीर की तरफ से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। कार चालक माहिर को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार को अपने कब्जे में ले लिया हैं। एसपी सिटी ने बताया समीर की शादी गुलाबनो के साथ हुई थी। काफी सालों से दोनों अलग रह रहे थे। बुधवार को गुलबानो अपनी प्रेमी माहिर के साथ घूमने के लिए आई थी। जहां उसके पति समीर के द्वारा देखकर उसको रोकने का प्रयास किया तो माहिर ने समीर को कार के बोनट पर बैठाकर कार को दौड़ा दिया था।



# महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए बनाया रैन बसेरा, सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे

मुरादाबाद- महाकुंभ के प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय के पास विभाग की ओर से अस्थायी वाहनों के लिए स्टैंड बनाया जा रहा है। शासन के निर्देश पर 100 श्रद्धालुओं के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था भी की गई है। विभागीय कार्यालय कबीर भवन के पास प्राधिकरण की भूमि पर यह सारी व्यवस्था महाकुंभ तक चलेगी। बुधवार को संभागीय परिवहन विभाग के आरटीओ प्रवर्तन दल प्रणव झा ने बताया कि महांकुभ जाने वाले यात्रियों के वाहनों को खड़ा करने के लिए अस्थायी स्टैंड बनाया जा रहा है। जिसमें एक साथ 40 से 50 बड़े वाहन खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि साथ ही में 100 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रैन बसेरा भी बनाया जा रहा है। जिसमें टेंट के भीतर गद्दे और लिहाफ और प्रकाश, पेयजल मोबाइल चार्जर और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा उनकी सुरक्षा के महिला व पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है। विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इस व्यवस्था के लिए विभाग के नाम विद्युत कनेक्शन भी लिया गया है।



# वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रो का ई- लाटरी के माध्यम से चयन

मुरादाबाद- उप कृषि निदेशक श्री संतोष द्विवेदी ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण की सब मिशन ऑन एकीकल्चर मैकेमाईजेशन योजना पार्ट-2 एवं प्रमोशन ऑफ एकीकल्चर मैकेनाईजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू योजना पार्ट-3 के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में जिन कृषकों द्वारा कृषि यन्त्र अनुदान पर प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल पर बुकिंग की गयी है। उन लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति ( ष्ठ.रुश्व.ष्ट ) के समक्ष किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में दिनांक 17 जनवरी 2025 को प्रातः 10:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में लाभार्थियों का चयन करने हेतु ई-लाटरी किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जनपद के समस्त किसान भाईयों को अवगत कराया कि जिन किसानों ने योजनान्तर्गत अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए बुकिंग कृषि विभाग के विभागीय पोर्टल पर किया है वह किसान भाई दिनांक 17.01.2025 को प्रातः 10:30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होने का कष्ट करे, जिससे कि ई-लाटरी की प्रक्रिया की जा सके।



# 22 को महाकालेश्वर धाम मंदिर में होगी प्रभु श्रीराम व मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

## आयोजन में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और जगतगुरु राज राजेश्वराश्रम होंगे, आज से निकाली जाएंगी शोभा यात्राएं

मुरादाबाद- नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम और जगत जननी मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए गुरुवार से महानगर में शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। आयोजन को लेकर बुधवार को प्रभात मार्केट में महेश चंद्र अग्रवाल के निवास पर आयोजन से जुड़े लोगों ने पत्रकारों से बात की। महेश चंद अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल बताया कि आयोजन के क्रम में 16 जनवरी को कटघर मंडल में, 17 जनवरी को रामगंगा विहार मंडल में, 18 जनवरी को बुद्धि विहार मंडल में और 19 जनवरी को लाइनपार मंडल में शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। 20, 21 और 22 जनवरी को सुबह 10ः00 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। 22 जनवरी को 11ः00 बजे मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वराश्रम का आगमन होगा। उनकी उपस्थिति में प्रभु श्रीराम का गुणगान कर मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से पूजा अर्चना कराकर की जाएगी। कार्यक्रम का समापन 2ः00 होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण और भंडारा कराया जाएगा। इस दौरान गणेशानंद महाराज, रामजी राम, राजेश त्रिपाठी, विनीत गुप्ता, राजेश, सत्यवीर सिंह, मुकुल माथुर, पूजा गुप्ता आदि की मौजूदगी रही।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण/स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस /जिला स्वास्थ्य सोयायटी के शासी निकाय/ जिला पंजीयन प्राधिकरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में टीकाकरण कवरेज, एम0आर0सी0वी0 वैक्सीन, एम0आर0 कैचअप कैम्पेन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी एमओआईसी को टीकाकरण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को अपर्याप्त टीकाकरण पर विशेष ध्यान देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्साधिकारियों को टीकाकरण के संबंध में ठीक ढंग से सर्वे करवाने, डयू लिस्ट बनवाने एवं आशाओं और एएनएम कार्यकत्रियों में आपसी समन्वय स्थापित करवाकर टीकाकरण की स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएस को महिला अस्पताल में बने रैन बसेरों की स्थिति को अच्छे से मानीटरिंग करके सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रात्रि के समय अस्पताल में नियमित तौर पर निरीक्षण भी करने के निर्देश दिए। ई-कवच पोर्टल पर आभा आईडी बनाने संबंधी, डींगरपुर, ठाकुरद्वारा एवं मुरादाबाद अर्बन की स्थिति खराब होने पर सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को आशा कार्यकत्रियों की कार्यप्रणाली पर विशेष ध्यान देकर उनकी कार्यप्रणाली में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को इंटर कालिजों में बच्चों की आंखो की जांच करवाकर चश्मा दिलवाने संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी स्कूलों में बच्चों की आंखों की जांच करवाने संबंधी कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिए। सभी चिकित्साधिकारियों को ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित करके भी कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 2025 के अन्तर्गत 30 जनवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 तक कुष्ठ रोग संबंधी जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों का टीकाकरण ससमय एवं गंभीरतपूर्वक सुनिश्चित करवाया जायें। जिले के समस्त सरकारी अस्पतालों में कम ओपीडी करने वाले डाक्टरों पर भी यथोचित प्रक्रियानुसार कार्यवाही करने के सीएमओ को निर्देश दिये गये। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, आशा भुगतान, ई-कवच पोर्टल पर आभा आईडी की स्थिति की प्रगति के संबंध में, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संबंधी, सहित अन्य विषयों पर विस्तार चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी चिकित्साधिकारियों को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राईवेट अस्पतालों में हो रहे प्रसवों की रिपोर्टिंग को अच्छे से मानीटर करके उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आशाओं का भुगतान नियमित रुप से होता रहें, इसको सुनिश्चित कर लें। इसके साथ ही बैठक में आरोग्य मंदिर, सक्षम पोर्टल, ब्लाक कोल्डचेन प्वाइंट्स, वी0एच0एस0एन0डी0 सेशनों पर हो रही गतिविधियां संबंधी, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, निक्षय पोषण योजना, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों पर समस्त चिकित्सीय व्यवस्थाओं संबंधी आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को सीएचसी सेन्टरों पर दवाईओं की उपलब्धता संबंधी व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एमओआईसी अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई की व्यवस्था, ओपीडी के बाहर अच्छे से बैठने के व्यवस्था, बिजली व्यवस्था इत्यादि अन्य समुचित व्यवस्थाओं को दुरस्त रखें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, बीएसए, ए0सी0एम0ओ, जिला क्षय रोग अधिकारी, समस्त एमओआईसी सहित डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनिधि रोहित सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## संक्षिप्त समाचार

# गौरीशंकर मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य को और किया जाएगा तेज, बसंत पंचमी तक विधिवत पूजा-अर्चना शुरू होने की उम्मीद

## टाइल्स व गेट लगाने का काम पूरा होने के बाद बसंत पंचमी से शुरू हो सकती है पूजा-अर्चना

मुरादाबाद- प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य में अब और तेजी आएगी। मकर संक्रांति के बाद अब मंदिर में कार्य पूरा होने के बाद बसंत पंचमी तक विधिवत पूजा-अर्चना शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। मंदिर के सेवायत सेवाराम सैनी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर मंदिर पर अनधिकृत कब्जे और कुछ लोगों के द्वारा पूजा न होने देने की शिकायत की गई थी। जिस पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उप जिलाधिकारी को भेजकर मंदिर की स्थिति दिखवाई। इसके बाद उपजिलाधिकारी की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मंदिर में आने जाने के रास्ते के अवरोध को हटवाकर उसके जीर्णोद्धार व सफाई आदि व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त के बीच वार्ता के बाद नगर निगम प्रशासन ने जीर्णोद्धार कार्य की जिम्मेदारी ले ली। इसके बाद से जिला व पुलिस प्रशासन की निगरानी में नगर निगम की ओर से जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। मंदिर के बाहरी व अंदर रंगाई पुताई के साथ सीढ़ी निर्माण आदि का कार्य भी चल रहा है। अब मकर संक्रांति के बाद काम में और तेजी लाने के लिए सभी लगे हैं। कार्यों पर धर्म रक्षा समिति के लोगों के साथ ही मंदिर के सेवायत सेवाराम सैनी आदि भी नजर रखे हैं। उम्मीद है कि बसंत पंचमी तक विधिवत रूप से पूजा अर्चना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।



# स्थाई लोक अदालत में संविदा के आधार पर पेशकार के पद पर चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

मुरादाबाद- प्रथम अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरण बाला ने बताया कि जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के आदेश के अनुक्रम में जनपद मुरादाबाद में स्थापित स्थाई लोक अदालत में संविदा के आधार पर पेशकार के पद पर चयन के लिए इच्छुक आवेदक जो की दीवानी न्यायालय /कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत हो आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं पूर्ण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के कार्यालय में 28 जनवरी 2025 की शाम 5ः00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से तथा पंजीकृत डाक से प्राप्त कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र जनपद न्यायालय मुरादाबाद की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/moradabad पर रिक्रूटमेंट ऑप्शन पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है तथा चयन प्रक्रिया साक्षात्कार द्वारा की जाएगी।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# उपप्रभागीय अन्जय अग्रवाल ने शुरू करवाया प्रशिक्षण नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षक रहे प्रमोद डागर

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली, अलखनाथ प्रभाग के उप प्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री बिष्णु इण्टर कॉलेज में प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण के कुशल प्रशिक्षक रहे वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर ने बच्चों को बताया कि सिविल डिफेंस क्या है ? क्या इसके उद्देश्य हैं आदि आदि, इसी तरह बताया कि आपदा के समय सिविल डिफेंस किस तरह काम करती है। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस ही आपदा के समय काम क्यों करती है अन्य संगठन एनडीआरएफ जैसे क्यों नहीं ? इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को आग के विषय में भी बच्चों को प्रशिक्षित किया। आग क्या है, कैसे लगती है ? किन तरीकों से बुझाया जाता है। प्रशिक्षण में स्टाफ आफिसर गीता शर्मा, हरीश भल्ला आई. सी. ओ. कंवलजीत सिंह, पोस्ट वार्डन विशाल सक्सेना, डिप्टी पोस्ट वार्डन सुनील सागर सैक्टर वार्डन अमित आनंद व संजय वर्मा आदि उपस्थित रहे। आयोजित प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबन्धक सुधीर अग्रवाल, प्रधानाचार्य शरद कांत, उप प्राचार्य देवेन्द्र अध्यापक सुशील शर्मा व विजय यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में उपप्रभागीय वार्डन अन्जय अग्रवाल ने विद्यालय प्रबंधन्धन छात्रों व उपस्थित वार्डनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




# गर्लफ्रेंड से शादी के लिए चोरी के दौरान कर दी चौकीदार की हत्या

क्यूँ न लिखूँ सच-रजनीश श्रीवास्तव

थाना सीबीगंज के अंतर्गत परसाखेड़े का है जहां सिक्योरिटी गार्ड की मृत की सूचना पुलिस को मिली थी पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक व्यक्ति मुंह पर मफलर लगाकर फैक्ट्री के पीछे से चढ़ता हुआ दिखाई दिया और वापस उतरता भी जब पुलिस द्वारा छानबीन हुई तो फैक्ट्री में ही काम कर रहे ठेकेदार राधेश्याम का पुत्र आशुतोष निकला आरोपी आशुतोष से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसका प्रेम प्रसंग धनेटा की एक युवती से था युवती का विवाह दूसरी जगह तय होने से परेशान युवक ने युवती को भागने के लिए पैसे के की व्यवस्था के लिए चोरी की परंतु चौकी द्वारा द्वारा मौके पर पकड़े जाने पर उसकी मफलर से गला घोटकर हत्या कर दी आरोपी आशुतोष ने एक मोटरसाइकिल खरीदी जिससे वह युवक युवती को लेकर फरार होने वाला था आपको बता दें कि आरोपी आईटीआई का छात्र है बरेली पुलिस के तेज तर्रार एसपी सिटी मानुष पारीक की देखरेख में जब घटना का दोबारा निरीक्षण किया गया तो मामला पानी की तरह साफ हो गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया एसपी सिटी मानुष पारीक की टीम में प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज सुरेश चंद्र गौतम, सुदेशपाल ,सौरव यादव अत्तरपाल सिंह,रूपेंद्र कुमार, महिपाल व नकुल की भूमिका रही



# जनपद स्तर पर 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ नए वोटर, महिला, दिव्यांग जन, ट्रांसजेंडर मतदाताओं को किया जायेगा सम्मानित जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद स्तर पर 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस आगामी 25 जनवरी 2025 को मनाये जाने के संबंध में बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा सभी सरकारी कार्यालयों में भी शपथ दिलाई जाए और श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ नए वोटर, महिला, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर मतदाताओं को सम्मानित किया जाए। बैठक में बताया गया कि विभिन्न संस्थाओं संगठनों जैसे- पंचायत राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, सिविल सोसाइटी समूहों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, नेहरू युवा केन्द्र आदि के सहयोग से जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन तहसील सदर द्वारा संजय गांधी कम्यूनिटी हाल में किया जायेगा, समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई जायेगी। जनपद के समस्त विभागों कार्यालयों ब शैक्षणिक संस्थाओं आदि में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन जनपद के समस्त स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' "Nothing like voting, I vote for sure" विषय पर विभिन्न गतिविधियां यथा निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कोविड गाइडलाइन/प्रोटोकॉल के तहत किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रमों से सम्बंधित फोटोग्राफ्स/वीडियो कार्यालय के ई-मेल adeo-bar@nic.in ¥Íßæ SVEEP DEO BAREILLY व्हाट्सएप ग्रुप नम्बर 9454418035 पर उपलब्ध करायी जायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व ) संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, समस्त ए0सी0एम0 सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस हुआ सम्पन्न

## किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण कराने के दिये निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में आज किसान दिवस का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में आए किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उप कृषि निदेशक द्वारा विगत माह के किसान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बिन्दुवार अवगत कराया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही बताया गया कि वह नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर भी फार्म रजिस्ट्री करा सकते है एवं फार्म रजिस्ट्री होने के उपरान्त ही कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि लाभ प्राप्त करने के साथ अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बताया कि कृषि यंत्रों के टोकन कृषक भाई कृषि विभाग के पोर्टल से 30 जनवरी 2025 तक निकाल सकते हैं। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 आरएल सागर द्वारा कृषि से सम्बन्धित नवीन तकनीकी खेती के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कृषकों को उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी गई , किसान दिवस में कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग सहित जनपद के प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित रहे ।।



# प्रदीप कुमार तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार राज संघ ने पत्रकारों के हितार्थ सौंपा ज्ञापन

## महामहीम राष्ट्रपति महोदया, भारत सरकार दिल्ली के नाम से पत्रकारों के हितार्थ सौंपा गया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच-शिव कुमार मिश्रा

जिला कलेक्टर महोदया रीवा पत्रकार राज संघ के मुख्य 16 मांगे निम्नलिखित है प्रदीप कुमार तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार राज संघ ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताये की 1- केन्द्रीय एवं राज्य लेबल पर मीडिया पालिका का गठन किया जाय। 2- केन्द्रीय एवं राज्य लेवल पर मीडिया कल्याण बोर्ड का गठन किया जाय। 3- तहसील से लेकर जिला लेवल पर मीडिया सेन्टर भवन का निर्माण कराया जाय 4- सभी राज्यो में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू किया जाय। 5- पत्रकारों को प्रतिमाह सुरक्षा भत्ता के रूप में 25000 दिया जाय।6- समान अवसर समान अधिकार समान दण्ड संहिता समान शिक्षा संहिता समान पुलिस संहिता समान स्वास्थ्य संहिता समान न्यायिक संहित समान न्यायिक संहित समान प्रशासन संहिता पर ठोस कानून बनाया जाय। 7- पत्रकार उत्पीड़न को दर्ज करने के लिए प्रदेश एवं जिला स्तर पर पत्रकार सुनवाई पोर्टल एवं हेल्पलाइन नम्बर सेवा चालू किया जाय।8- मीडिया से जुड़े मामलों का निस्तारण करने हेतु जिला न्यायालय स्तर पर अलग से फास्ट ट्रे कोर्ट बनाया जाय। 9- पत्रकारो के आकस्मिक मृत्यु पर सरकार के द्वारा कम से कम 2500000 ( पचीस लाख रूपये ) की सहायता राशि देने के साथ-साथ पत्रकार आश्रितों को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान लागू किया जाय। 10- महिला पत्रकारों के सम्मान सुरक्षा एवं स्वालंबन को धान में रखते हुये हॉस्टल बनाया जाय। 11- 60 वर्ष तक के पत्रकार बन्धुओं को यात्रा के दौरान जैसे रोडवेज बस ट्रेन ह वाई जहाज में यात्रा के दौरान टिकट मूल्य में 50 प्रतिशत की छूट दी जाय। एवं टोल टैक्स फ्री किया जाय। एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन पत्रकारो को फ्री यात्रा हेतु पास जारी किया जाय। 12- देश के समस्त गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के नामों को सूचीबद्ध किया जाय तथा उन्हे अधिमान्यता प्रमाण पत्र जारी किया जाय एवं उन्हे स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने हेतु आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाय।13- विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र ( Legislattive Council Jounalists' Constituency ) गठन किया जाय तथा विधान परिषद के निर्धारित सीटों में पत्रकार विधायक का कोटा तय किया जाय एवं पत्रकार का चुनाव ठीक विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक विधायक के नियमावली के तहत तीन वर्ष के अनुभवी पत्रकार की मतदाता सूची बनायी जाय तथा पत्रकार विधायक ( Jounalists MLA) का चुनाव कराया जाय। 14- पत्रकार एवं मीडियाकर्मी पर दर्ज हुये मामलों की पहले स्पेसल सेल ने जॉच की जाए मामले की पुष्टी होने पर की केस दर्ज की जाय। 15- पत्रकार एवं मीडियाकर्मी पर दर्ज हुये मामलो की जाँच के लिए कम से कम पी0सी0एस0 या आई0पी0एस0 अधिकारी द्वारा जॉच हो। 16- तीन वर्ष से ज्यादा जो पत्रकार साथी पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे है उन्हे आवास योजना स्किीम मे जोडा जाय एवं आवास योजना मुहैया कराया जाय। अत: सविनय निवेदन है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का शसक्त बनाने के दिशा में उपरोक्त मांगो पर विचार करते हुये उसे प्रदेश में लागू करने का निर्देश जारी किया जाय।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# पत्रकार राज संघ में नियुक्त किए गए जिला अध्यक्ष सिंगरौली पत्रकार विवेक कुमार द्विवेदी

क्यूँ न लिखूँ सच-मानश मिश्रा

